# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 14.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण,अमर उजाला,आज, जनसंदेश टाइम्स, नन्याधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## हिन्दुस्तान–दि0 14.08.2024

### क्रेडाई ने वीडीए को सौंपे आठ हजार तिरंगा ध्वज



वाराणसी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूर्वांचल रियल एस्टेट एसोसिएशन (क्रेडाई पूर्वांचल) के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को यह ध्वज सुपुर्द किए। एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाशदीप ने कहा कि सभी प्रमुख आवासीय सोसाइटियों में झंडे दिए जा रहे हैं। जिन्हें जरूरत हो वे एसोसिएशन के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर महासचिव जितेन्द्र सिन्हा, प्रशांत केजरीवाल, राम गोपाल सिंह, अनूप दुबे आदि रहे।

## हिन्दुस्तान –दि0 14.08.2024

### ट्रांसपोर्ट नगर में प्लॉटों की लॉटरी

वाराणसी। वीडीए प्रशासन जल्द ही ट्रांसपोर्ट नगर में 107 प्लॉटों के लिए लॉटरी निकालेगा। मंगलवार को निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने यह कहा।

पुलकित गर्ग ने प्रभारी अधिकारी संपत्ति राजीव जायसवाल को ट्रांसपोर्ट नगर के पहले चरण में 107 प्लॉटों की लॉटरी जल्द निकालना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मिट्टी की भराई न करने के लिए ठेकेदार को फटकार लगाई। इस दौरान सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, अरविंद शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, एई शिवाजी मिश्रा आदि मौजूद थे।

## दैनिक जागरण–दि0 14.08.2024

# क्रेडाई ने वीडीए वीसी को सौंपे आठ हजार तिरंगा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने को लेकर पूर्वांचल रियल एस्टेट एसोसिएशन-क्रेडाई पूर्वांचल ने मंगलवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को आठ हजार झंडा सौंपा। स्वतंत्रता दिवस पर एक-एक घर पर तिरंगा झंडा लहराएगा। वहीं, वीडीए अपने अधिकारियों और कर्मचारियों से एक-एक घर जाकर झंडा बांटने का काम शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, झंडा बांटने के साथ मकान मालिक का नाम व पता रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है जिससे कोई गलत रिपोर्ट नहीं दे सके।

क्रेडाई के अध्यक्ष आकाशदीप ने कहा कि क्रेडाई पूर्वांचल घर-घर तिरंगा यात्रा का सम्मान करने के साथ सभी ग्रुप हाउसिंग भवनों पर लगाने का निर्णय लिया है। साथ ही घर-घर वितरित कर रहा है जिससे हर घर पर तिरंगा झंडा लहराए। महासचिव जीतेन्द्र सिन्हा ने कहा कि घर-घर झंडा वितरित करने के साथ एसोसिएशन के कार्यालय से झंडा वितरित किया जा रहा है। क्रेडाई के वरिष्ठ संरक्षक राम गोपाल सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में शुरू अभियान अब एक जन आंदोलन बन गया है। कोषाध्यक्ष प्रशांत केजरीवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर्व को इस वर्ष हम सभी यादगार बनाने को संकल्पित है। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनूप दुबे व जीतेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संतोष राणा, सदस्य अंबर जैन, प्रकाश अग्रवाल, अमित सिंह, चंदन केशरवानी, अभिषेक आदि मौजूद थे।



वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को झंडा सौंपते क्रेडाई पूर्वांचल के सदस्य • जागरण

- सभी ग्रुप हाउसिंग भवनों पर लहराएगा तिरंगा, शहर में तिरंगा यात्रा बन गया है जन आंदोलन
- वीडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को लगाया एक-एक घर झंडा बांटने में

## दैनिक जागरण –दि0 14.08.2024

# प्राइवेट स्कूलों की तरह मिलेगी शिक्षा : पुलकित गर्ग

वाराणसी : प्राइवेट स्कूलों की तरह सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा मिले। अच्छी पढ़ाई करें, उनके मन में कोई मतभेद नहीं रहे, अच्छी व्यवस्था मिलने पर अधिक बच्चे आएंगे। क्योंकि हर व्यक्ति अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नहीं पढ़ा सकता है। वहां शिक्षा महंगी और सरकारी स्कूलों में मुफ्त है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वीडीए प्रशासन सीएसआर से मिले राशि से राजकीय हाई स्कूल और इंटर कालेज का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक की कमी नहीं है, शिक्षक मेहनत से पढ़ाते भी है लेकिन कुछ स्कूलों में अच्छी व्यवस्था नहीं होने से बच्चे जाने से कतराते हैं। ऐसे में स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सुंदरीकरण कराया जा रहा है। (जासं)

दैनिक जागरण –दि0 14.08.2024

# वीडीए ने चित्रकला में बच्चों को किया पुरस्कृत

जासं, वाराणसी : स्थापना को 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वीडीए स्वर्ण जयंती बना रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को रानीमुरार बालिका इंटर कालेज व सनबीम वरुणा में शहरीय विकास को ध्यान में रखते हुए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रानीमुरार की आकांक्षा मौर्या प्रथम, कनक द्वितीय और अनुराधा तृतीय रहीं। सनबीम वरुणा से स्वीकृति सिंह प्रथम, निकेत कौशिक द्वितीय और नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को पुरस्कृत किया गया।

## अमर उजाला–दि0 14.08.2024

# ट्रांसपोर्ट नगर में 107 प्लॉट की लॉटरी जल्द कराएं : वीसी

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर के प्रथम चरण के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान एक थर्ड कंपनी को परीक्षण कार्य की गुणवत्ता जांचने बुलाया गया। मिट्टी की भराई में लापरवाही करने पर ठेकेदार को फटकार लगाई गई। प्रभारी अधिकारी संपत्ति को निर्देशित किया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर प्रथम चरण के अंतर्गत 107 प्लाटों की लॉटरी यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

वीडीए वीसी ने कहा कि टीपी नगर प्रथम चरण के बगल में ही मेडिकल इक्विपमेंट ट्रीटमेंट की फैक्ट्री है, वह जमीन भी प्राधिकरण की है। अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद इसको भी ई-ऑक्शन में लगवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो

## *वीडीए ने 3 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई*

*वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण की जोन-3 की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को 3 बीघे की अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि वार्ड-दशास्वमेध, मौजा-परमानंदपुर के अन्तर्गत अज्ञात लोगों द्वारा 3 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। सभी स्थल को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। मुगलसराय में 2 बीघे की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गई। संवाद*

## आज–दि0 14.08.2024

# विप्राके ५० वर्ष पूरे होनेपर चित्र कला प्रतियोगिता सम्पन्न

वाराणसी विकास प्राधिकरणके ५० वर्ष पूरा होनेपर मंगलवारको रानी मुरारी बालिका इंटर कालेज और सनबीम वरुणामें चित्रकला प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। आयोजनके लिए विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने अपने अधीनस्थोंको लगाया था। प्रतियोगितामें रानी मुरारी विद्यालयके आकांक्षा मौर्याको प्रथम, कनकको दूसरा और अनुराधाको तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, जबकि सनबीम वरुणासे स्वीकृति सिंहको प्रथम स्थान और कौशिकको द्वितीय और नन्दनीको तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कारमें स्मार्ट वाच शील्ड, द्वितीय स्थान पानेवालेको इलेक्ट्रिक लैम्प, तृतीय स्थान पानेवालेको प्रमाण पत्र, स्कूल बैग और शील्डसे पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारका वितरण वीडीए के पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव, पी.आर.ई. शिवांगी सिंह और मयंक सिंह उपस्थित थे।

आज–दि0 14.08.2024

## पांच बीघा प्लाटिंगपर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गके निर्देशपर प्रवर्तन टीमने मंगलवारको दशाश्वमेध वार्ड मौजा परमानन्दपुरमें तीन बीघा क्षेत्रफलपर बिना लेआउट पास कराये प्लाटिंग हो रही थी। शिकायतके आधारपर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता पी.एन. दुबे पुलिसकी सहायतासे और प्रवर्तन विभागने जेसीबीसे प्लाटिंगपर हुए निर्माणको ध्वस्त कर दिया। इसी क्रममें वार्ड मुगलसराय मौजा चन्द्रखामें दो बीघा जमीनपर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। यहां भी जोनल अधिकारीने मौकेपर प्लाटिंगका जायजा लिया। इसके बाद पुलिस और प्रवर्तन विभागके सहयोगसे प्लाटिंगपर हुए निर्माणको जेसीबी के माध्यमसे ध्वस्त कर दिया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 14.08.2024

# वीडीए के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम

**कार्यक्रम**

### 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जागरूकता कार्यक्रम

### विद्यालयों में आयोजित चित्रकला प्रर्दशनी और पुरस्कार वितरण



**वाराणसी।** वीडीए के स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक विद्यालयो में चित्रकला प्रर्दशनी हुई और छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। .. वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को वीडीए की ओर से रानीमुरार बालिका इंटर कालेज में जहां भव्य कार्यक्रम हुआ, वहीं सनबीम वरुणा में शहरीय विकास को ध्यान में रखते हुए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रानीमुरार से आकांक्षा मौर्या ने प्रथम स्थान पाकर जहां अपना नाम रोशन किया,,वहीं द्वितीय स्थान को कनक ने हासिल कर प्रतिभावान होने का प्रमाण दिया। इसी क्रम में सनबीम वरुणा से स्वीकृति सिंह नाम प्रथम स्थान रहा, जबकि निकेत कौशिक द्वितीय स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । इस दौरान विभाग ने प्रथम स्थान पाने वाले को प्रमाण पत्र, स्मार्ट वाच और शील्ड देकर जहां पुरस्कृत किया गया, वहीं द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को प्रमाण पत्र, इलेक्ट्रिक लैंप और शील्ड देकर हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान विभाग ने बच्चों को प्राधिकरण के विकास कार्योंसे अवगत कराया और किसी भी निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से नक्शा पास कराना कितना आवश्यक है इस बारे में भी जानकारी दी । इस अवसर पर वीडीए से पीआरओ पियूष श्रीवास्तव ,पीआरई शिवांगी सिंह व मयंक सिंह उपस्थित रहे ।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 14.08.2024

### वीडीए ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान



वाराणसी। वीडीए ने हर घर तिरंगा अभियान चलाकर कई जगहों पर राष्ट्रीय ध्वज बाटा और लोगों में देश प्रेम के प्रति जागरूकता पैदा की। वीडीए उपाध्यक्ष पुलिकत गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को विभाग की टीम ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनने के लिए प्रभारी अधिकारी संपति के नेतृत शहर के बादशाह बाग क्षेत्र में पहुंचा। जहां आस -पास सहित गुलाब बाग और पिशाच मोचन इलाके में घर-घर पहुंचा, वहीं दुकानों और प्रतिष्ठानों पर भी जाकर निवासियों और व्यापारियों को भारतीय ध्वज का वितरण किया। इस दौरान वीडीए की टीम ने उनसे अपने घरो और दुकानों पर तिरंगा झंडा अवश्य फहराने की अपील की गयी। इसी क्रम में विभाग ने अपने पांच जोनों के जोनल अधिकारियों और कर्मचारियों से राष्ट्रीय ध्वज का वितरण कराया।

## न्यायाधीश–दि0 14.08.2024

### ट्रांसपोर्ट नगर प्रथम चरण के कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया गया



वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा 13 अगस्त को ट्रांसपोर्ट नगर प्रथम चरण के कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, आनंद मिश्रा अधीक्षण अभियंता, अरविंद शर्मा अधिशासी अभियंता, प्रभात कुमार नगर नियोजक, राजीव जायसवाल, प्रभारी अधिकारी संपत्ति, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा आदि अधिकारी गण तथा एक थर्ड कंपनी जिसको परीक्षण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु बुलाया गया था वह भी उपस्थित थे। उपाध्यक्ष द्वारा संबंधित ठेकेदार को समय के अंतर्गत मिट्टी की भराई न करने के लिए कड़ी फटकार लगाई तथा अधिशासी अभियंता निर्माण को उनके ऊपर पेनल्टी लगाई जाने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियंता निर्माण को यह भी निर्देशित किया गया की मिट्टी की भराई का कार्य यथाशीघ्र संपन्न कराए। प्रभारी अधिकारी संपत्ति को निर्देशित किया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर प्रथम चरण के अंतर्गत 107 प्लाटों की लॉटरी यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें। टीपी नगर प्रथम चरण के बगल में ही मेडिकल इक्विपमेंट ट्रीटमेंट की फैक्ट्री है, वह वह जमीन भी प्राधिकरण की है। अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद इसको भी ई ऑक्शन में लगवाना सुनिश्चित करें।।

## न्यायाधीश–दि0 14.08.2024

### वीडीए ने वितरित किये भारतीय ध्वज



वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार व वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलिकत गर्ग के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी अधिकारी संपत्ति के निर्देशन में बादशाह बाग, गुलाब बाग व पिशाच मोचन में घर-घर और दुकानों पर जाकर आम जनता व निवासियों को भारतीय ध्वज का वितरण किया गया और उनसे अपील की गई वह अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराए। इसी क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण के समस्त पांच जोन के जोनल अधिकारीयों व कर्मचारियों द्वारा भारतीय ध्वज का वितरण किया गया।।

## न्यायाधीश–दि0 14.08.2024

### चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय में वी0 डी0 ए0 उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसके क्रम में 13 अगस्त को रानीमुरार बालिका इंटर कालेज व सनबीम वरुणा में शहरीय विकास को ध्यान में रखते हुए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । उक्त प्रतियोगिता में रानीमुरार से आकांक्षा मौर्या प्रथम स्थान , कनक द्वितीय स्थान तथा अनुराधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसी क्रम मे सनबीम वरुणा से स्वीकृति सिंह प्रथम स्थान, निकेत कौशिक द्वितीय स्थान व नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वी0डी0ए0 द्वारा आयोजित प्रतियोगिता मे ड्प्रथम स्थान को प्रमाण पत्र, स्मार्ट वाच व शील्ड , द्वितीय स्थान को प्रमाण पत्र, इलेक्ट्रिक लैंप व शील्ड तथा तृतीय स्थान को प्रमाण पत्र, स्कूल बैग व शील्ड से पुरस्कृत किया गया तथा अन्य प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिया गया अन्य बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग व सराहनीय प्रदर्शन किया । बच्चो को प्राधिकरण के विकास कायी के बारे मे भी अवगत कराया गया तथा किसी भी निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से नक्शा पास कराना कितना आवश्यक है इस बारे मे भी जानकारी दी गया।उक्त के क्रम मे विभिन्न स्कूलों जैसे विकास इंटरमीडिएट व सुधाकर महिला मे 14 अगस्त को, संत फ्रांसिस व डालिम्स स्कूल मे 16 अगस्त तथा राष्ट्रीय बालिका इंटर कालेज व संत साई शिक्षण संस्थान मे 17 अगस्त को प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा ।प्रतियोगिता के दौरान वी0 डी0 ए0 से पी0आर0ओ0 पियूष श्रीवास्तव ,पी0 आर0 ई0 शिवांगी सिंह व मयंक सिंह उपस्थित रहे ।

न्यायाधीश–दि0 14.08.2024

## वीडीए ने की अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा 02 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-मुगलसराय, मौजा-चन्दखा, थान-अलीनगर, जिला-चन्दौली के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थीं ।उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को 13 अगस्त को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया ।इस मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार अवर अभियंता पी0 एन0 दुबे उपस्थित रहे।इसी क्रम में जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा 03 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-दशास्वमेध, मौजा-परमानंदपुर के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध



प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी ।उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को 13 अगस्त को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया ।इस दौरान जोनल अधिकारी श्री प्रकाश कुमार अवर अभियंता पी0 एन0 दुबे उपस्थित रहे।वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।